समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे विराट कोहली तो किसने कहा- ‘आपने गलत किया है अब मै...’

Publisher
Published on 14 May 2025



## टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया. इसके बाद से ही फैन्स निराश है. उनका कहना है कि विराट को संन्यास लेने मे इंतनी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए थी.

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया. इसके बाद से ही फैन्स निराश हैं. उनका कहना है कि विराट को संन्यास लेने में इतनी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए थी.

अब विराट पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ 13 मई को वृंदावन वाले प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे. वहां से वापस लौटने के बाद जब उन्हें शाम को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया तो कैमरे के सामने एक फैन उनसे अचानक कुछ ऐसा पूछ बैठा जो वायरल हो गया.

एक फैन ने कहा,” सर आपने गलत किया.. रिटायरमेंट क्यों लिया आपने ? अब हम क्रिकेट ही नहीं देखेंगे... आपके लिए मैं टेस्ट मैच देखता था.’

विराट ने फैन को जवाब नहीं दिया और जाकर अपनी गाड़ी में बैठ गए. तभी फैन ने फिर कहा कि आपका इंतजार ODI में करेंगे. इसके बाद फैन ने ये भी कह डाला कि इस बार RCB जीतेगा.”

### विराट का टेस्ट करियर

युवा जोश और आक्रामकता से भरपूर विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण से महान बल्लेबाज बनने तक भारत के लिये ही नहीं

बल्कि इस पारंपरिक प्रारूप के लिये भी कई यादगार पलों की सौगात दी है. कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते, 17 हारे और 11 ड्रॉ खेले. इससे साबित होता है कि कोहली की टीम अतीत की भारतीय टीमों से कितनी अलग थी.

कोहली ने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता माना और कभी मेहनत से पीछे नहीं हटे.

**टेस्ट पदार्पण**

पहला वनडे विश्व कप जीतने के बाद कोहली ने 20 जून को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया. कैप नंबर 269 उन्हें मिली और वेस्टइंडीज दौरे पर तीन टेस्ट में उन्होंने 76 रन बनाये.

**सिडनी मे प्रंशसक से भिड़ना**

कोहली आस्ट्रेलिया के 2011 के दौरे पर सुर्खियों में रहे जब टीम के खराब प्रदर्शन के बीच वह एक प्रशंसक से भिड़ गए. उस समय आस्ट्रेलिया ने भारत को 4 . 0 से हराया और ग्रेग चैपल ने कहा था ,'' भारतीय टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी नहीं रखते.''आस्ट्रेलिया के दर्शकों के बर्ताव से अनभिज्ञ कोहली ने एक प्रशंसक की छींटाकशी का उसी अंदाज में जवाब दिया तो मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भरना पड़ा.

**आस्ट्रेलिया मे पंहला शतक**

भारतीय टेस्ट बल्लेबाजी के स्वर्णिम दौर के समापन के बाद कोहली ने जनवरी 2012 में एडीलेड में पहला टेस्ट शतक जमाकर उज्जवल भविष्य के संकेत दिये.

**दक्षिण अफ्रीका मे शांनदार प्रदर्शन**

भारतीय टीम 2013 में दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 1 . 0 से हार गई लेकिन जोहानिसबर्ग में कोहली ने 119 और 96 रन बनाये.

**इंग्लैडं मे खंराब प्रदर्शन**

इंग्लैंड में 2014 में पांच टेस्ट में सिर्फ 134 रन बनाने वाले कोहली बुरी तरह नाकाम रहे. वह जेम्स एंडरसन की स्विंग और सीम का सामना नहीं कर पाये. वनडे प्रारूप में खुद को साबित कर चुके कोहली के लिये यह करारा झटका था.

**आस्ट्रेलिया मे शांनदार प्रदर्शन**

भारतीय टीम के 2014 . 15 के आस्ट्रेलिया दौरे पर पहले से अधिक अनुशासित कोहली ने एडीलेड में 115 और 141 रन बनाये. उन्होंने दौरे पर चार शतक और दो अर्धशतकों के साथ 86 . 50 की औसत से 692 रन बनाये.

**कप्तान कोहली**

शुरूआत खराब रही और श्रीलंका ने पहले टेस्ट में भारत को 63 रन से हराया लेकिन भारत ने दूसरा टेस्ट 278 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला भी अपने नाम की.

**इंग्लैडं के खिलाफ दोहरा शतक**

कोहली ने मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टेस्ट कैरियर के छह दोहरे शतकों में से पहला जड़ा और 235 रन बनाये. भारत ने इंग्लैंड को 4 . 0 से मात दी.

**स्टीव स्मिथ की आस्ट्रेलियाई टीम से टक्कर**

पुणे में कोहली चल नहीं सके और भारत 333 रन से हार गया. भारत ने श्रृंखला 3 .1 से जीती लेकिन बतौर बल्लेबाज कोहली तीन टेस्ट में 46 रन ही बना सके. कोहली ने यह भी दावा किया कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से उनकी दोस्ती नहीं रही.

**इंग्लैडं मे 2018 मे वापसी**

सभी की नजरें कोहली पर थी जिन्होंने पांच टेस्ट में 593 रन बनाये. इसमें बर्मिंघम में पहले टेस्ट में 149 रन की पारी शामिल है.

**सर्वोच्च टेस्ट स्कोर**

पुणे में 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन की पारी.

**आस्ट्रेलिया मे रंचा इतिहास**

कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम करीब सात दशक में आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी.

## केपटाउन मे स्टम्प माइक से बात

दक्षिण अफ्रीका के डीन एल्गर के खिलाफ पगबाधा की अपील खारिज होने से खफा कोहली स्टम्प माइक के पास जाकर बोले ,' अपनी टीम पर भी फोकस करो जब वे गेंद को चमकाते हैं, सिर्फ विरोधी टीम पर नहीं.' उनका इशारा 'सैंडपेपरगेट' प्रकरण पर था.

## पर्थ का शतक

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद कोहली ने आस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ टेस्ट में नाबाद 100 रन बनाये. लेकिन इसके बाद चल नहीं सके. बार बार स्लिप में आउट होना और पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास से कंधे टकराने वाले प्रकरण पर उनकी काफी आलोचना हुई.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.